एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

तारा सुतारिया और आदर जैन हैं बॉलिवुड के नए बेस्ट फ्रेंड?

फिल्म स्टूडेंट ऑफ द इयर 2 से डेब्यू करने वाली ऐक्ट्रेस तारा सुतारिया और 2017 की म्यूजिकल-ड्रामा फिल्म कैदी बैंड से बॉलिवुड से डेब्यू करने वाले और रणबीर कपूर-करीना कपूर के कजिन आदर जैन इस समय बॉलिवुड के नए बेस्ट फ्रेंड हैं। दोनों को हाल के दिनों में कई बार दोनों को एक साथ दिखा गया है जिसके बाद ये दोनों चर्चा में आ गए हैं। बॉलिवुड के एक सूत्र के मुताबिक, इन दोनों की मुलाकात कुछ कॉमन फ्रेंड्स के जरिए हुई जो तुरंत ही दोस्ती में बदल गई। उन्होंने बताया कि तारा सुतारिया एक बहुत ही दोस्ताना वाले नेचर की लड़की हैं जो ज्यादातर रिजर्व रहने वाले आदर से तुरंत घुल-मिल गई। बताया जा रहा है कि दोनों की काफी सारी आदतें भी मिलती-जुलती हैं। वैसे इस साल करण जौहर के शो में टाइगर श्रॉफ ने यह इशारा किया था कि तारा सुतारिया और सिद्धार्थ मल्होत्रा का अफेयर चल रहा है। हालांकि तारा ने इस बात को काफी हल्के में लिया था और कहा था कि पड़ोसी होने के कारण वे अक्सर एक साथ बाहर खाना खाने या शॉपिंग करने चले जाते हैं और वे अच्छे दोस्त से ज्यादा कुछ नहीं हैं। इससे पहले कहा जा रहा था कि तारा कथित तौर पर रोहन मेहरा को डेट कर रही हैं जिन्होंने सैफ अली खान की फिल्म बाजार से डेब्यू किया था जबकि आदर के बारे में भी चर्चा थी कि वह किसी अन्य लड़की को डेट कर रहे हैं। अब दोनों के बीच केवल दोस्ती है या अफेयर, यह तो वक्त के साथ ही पता चलेगा।

द जोया फैक्टर की स्पेशल स्क्रीनिंग से साथ बाहर निकले विकी-कटरीना

जब से करण जौहर के चैट शो च्कॉफी विद करणज् में कटरीना कैफ ने विकी कौशल के साथ फिल्म करने की इच्छा जताई है तभी से यह दोनों चर्चा में हैं। पिछले दिनों एक अवॉर्ड शो के दौरान दोनों की चिटचैट भी काफी वायरल हो गई थी। कहा जा रहा है कि विकी और कटरीना काफी नजदीक हैं और एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। ऐसी भी खबरें सामने आई हैं कि शूटिंग के दौरान कटरीना को घर से पिक और ड्रॉप करने विकी जाया करते थे।

हाल में इन चर्चाओं को तब और जोर मिला जब च्द जोया फैक्टरज् की स्पेशल स्क्रीनिंग के दौरान दोनों को साथ देखा गया। शो के खत्म होने के बाद दोनों साथ में बाहर निकले और अन्य लोगों से मिलते-जुलते देखे गए।

वैसे यह पहले भी कहा जा रहा था कि कटरीना और विकी के बीच कुछ तो चल रहा है। बता दें कि विकी पहले ऐक्ट्रेस हरलीन सेठी को डेट कर रहे थे लेकिन बाद में दोनों का ब्रेकअप हो गया। हालांकि अभी तक विकी और हरलीन में से किसी ने भी अपने ब्रेकअप के कारणों को नहीं बताया है। वहीं कटरीना भी रणबीर कपूर से ब्रेकअप होने के बाद सिंगल ही हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो कटरीना अब अक्षय कुमार के साथ रोहित शेट्टी की अगली फिल्म च्सूर्यवंशीज् में दिखाई देंगी। दूसरी तरफ विकी के पास इस समय बहुत सारी फिल्में हैं। हाल में वह भूत पार्ट वन द हॉन्टेड शिप की शूटिंग कर रहे थे। इसके अलावा वह शहीद उधम सिंह की बायोपिक, फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ की बायोपिक और करण जौहर की मल्टी-स्टारर फिल्म च्तख्तज् में लीड रोल निभाते नजर आएंगे।

दीपिका को रिप्लेस करेंगी श्रद्धा कपूर!

रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण को फिर से सिल्वर स्क्रीन पर देखने की उम्मीद कर रहे फैन्स के लिए बुरी खबर है। रिपोर्ट्स की मानें तो डायरेक्टर लव रंजन की अपकमिंग फिल्म में दीपिका की जगह श्रद्धा कपूर नजर आएंगी। इसमें रणबीर कपूर और अजय देवगन लीड रोल्स में हैं। पहले ये खबरें थीं कि दीपिका को इस फिल्म की लीड ऐक्ट्रेस के रूप में कास्ट किया गया है। ऐक्ट्रेस ने इन रिपोर्ट्स को गलत बताते हुए साफ किया था कि वह किसी भी यौन शोषण के आरोपी के साथ काम नहीं करेंगी। दरअसल, लव रंजन पर एक ऐक्ट्रेस ने मीटू मूवमेंट के दौरान यौन शोषण के आरोप लगाए थे, हालांकि डायरेक्टर ने इन आरोपों को झूठा बताया था। अब लेटेस्ट रिपोर्ट्स की मानें तो मेकर्स च्साहोज् की लीड ऐक्ट्रेस श्रद्धा कपूर को इस मूवी के लिए साइन करने वाले हैं। कहा जा रहा है कि इस ऑफर को पाने पर ऐक्ट्रेस भी खुश है और उन्होंने अजयसे मुलाकात भी की है। कुछ रिपोर्ट्स की मानें तो जल्द ही इससे जुड़ी ऑफिशल घोषणा की जाएगी। अगर ऐसा होता है तो यह पहली बार होगा जब रणबीर कपूर और अजय देवगन के साथ श्रद्धा स्क्रीन शेयर करती दिखाई देंगी। वैसे इससे पहले एक विज्ञापन के लिए जरूर श्रद्धा और रणबीर ने साथ काम किया था, लेकिन दोनों की साथ में मूवी पहली बार आएगी।